डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

सत्रारंभ के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम 2026

डी.ए.वी. संस्थाओं की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का गरिमामयी शुभारंभ डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई में आयोजित एक भव्य वैदिक हवन के साथ किया गया। इस हवन का उद्देश्य नवीन सत्र की शुरुआत ईश्वरीय आशीर्वाद के साथ करना और विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था।दिनांक 6 जून 2026 को विद्यालय की यज्ञशाला में हवन का आयोजन किया गया। नैतिक शिक्षा एवं हिंदी की शिक्षिका द्वारा पूर्ण विधि–विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया गया। हवन कुंड में शुद्ध घी, औषधीय जड़ी–बूटियों से युक्त हवन सामग्री और पवित्र समिधा की आहुतियाँ दी गईं, जिससे पूरा परिसर मांगलिक श्लोकों की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा।

इस पावन अवसर पर विद्यालय की माननीया प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम., शिक्षक–शिक्षिकाएँ और गैर–शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से आहुति डालकर नए सत्र की निर्विघ्न सफलता, सबके उत्तम स्वास्थ्य और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।हवन की पूर्णाहुति और शांति पाठ के पश्चात प्रधानाचार्या जी ने उपस्थित शिक्षक वर्ग को संबोधित किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हवन एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है जो विचारों को शुद्ध कर एकाग्रता बढ़ाती है। उन्होंने शिक्षकों को नए सत्र में पूर्ण समर्पण, निष्ठा और नवीन दृष्टिकोण के साथ अध्यापन कार्य करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन सभी शिक्षकों में नए उत्साह का संचार करते हुए नए शैक्षणिक सत्र की एक सुखद एवं कल्याणकारी शुरुआत साबित हुआ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

सत्रारंभ के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम 2026

वैदिक गीत गाते हुए हवन सदस्य

यज्ञ में आहुति देती हुई माननीया प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम.